हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 फरवरी 2026

06 टूरिज्म का हुनर उपयोग करके कलेक्टर...



07 हड़ताल से शहर हुआ कचरे के हवाले सफाई नहीं ...





## अब बरमान नहीं जाना पड़ेगा हम यहीं करवा देंगे सभी को स्नान : भार्गव

# गोपाल भार्गव ने 10 लाख की दुकानें साढ़े 4 लाख में दिलवा दी, बोले-यहां के लोग सभी हमारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा में जो दुकानें 10 लाख रूपये में दुकानदारों को दी जानी थी, वही दुकानें अब उन्हें पांच लाख से कम यानी साढ़े चार लाख रूपये में दी जाएंगी। पूर्व मंत्री और वर्तमान रहली विधायक गोपाल भार्गव ने लोगों की परेशानियों को समझते हुए ये निर्णय लिया है उनकी ही पहल पर लोगों को यह राहत मिली है। वहीं इसके अलावा गढ़ाकोटा के लोगों को अब बरमान जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी, उन्हें अब यहीं पर नर्मदा का जल मिल सकेगा। जिससे वह आसानी से स्नान कर पाएंगे। यह बात पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने एक कार्यक्रम के दौरान कही।



दरअसल गढ़ाकोटा के रूई बाजार में पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव ने लोकार्पण करते हुए लोगों को न्यू मार्केट की सौगात दी है। जिसमें 46 दुकानें नीचे तल तो इतनी ही दूसरी मंजिल पर बनाई गयी हैं। सर्व सुविधा युक्त निर्मित की गई है। इस न्यू मार्केट में पत्रकारों की सुविधा के लिए उनकी मांग पर एक दुकान मय फर्नीचर के देने की घोषणा की। जिससे पत्रकारों में ख़ुशी है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा की इस मार्केट में निर्मित दुकानों की सरकारी कीमत दस लाख रुपए आंकी गयी थी। लेकिन साधारण और गरीब लोगों के लिए यह संभव नहीं था। जब यह बात पूर्व मंत्री को बताई तो उन्होंने कहा की छोटे-छोटे दुकानदार यह दुकाने कैसे खरीदेंगे, लोगों के हितों को ध्यान में रखत हुए उन्होंने साढ़े चार लाख रूपये में दुकानें देने की बात कही।

इस दौरान गोपाल भार्गव ने कहा की यहां के सभी लोग हमारे है। इस न्यू मार्केट की दुकान कि वास्तविक सरकारी कीमत दस लाख रुपए है। छोटे दुकानदार पांच लाख रुपए तक में दुकानें लेने तैयार थे। उनकी परेशानियों को देखते हुए यह राशि और भी कम कर दी। पूरी राशि जमा करने के तत्काल बाद चाबी उन्हें मिल जाएगी। बस स्टैंड पर कुछ दुकानदारों ने किस्तों पर दुकानें ली है। जब नगर पालिका के कर्मचारी उनके पास बाकी के रूपये लेने जाते हैं तो विवाद की स्थिति बनती है। जिससे पूरी राशि जमा करने का आग्रह किया। गोपाल भार्गव ने लोगों को बताया की नगर पालिका की 2 करोड़ रूपये आमदनी है लेकिन खर्च 5 करोड़ रूपये है। उन्होंने कहा कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पूरे नगर में नई पाइप लाइन बिछाई जा रही है नगर वासियों को अब मिनरल जैसा पानी घर-घर पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा कहा की सुनार नर्मदा लिंक परियोजना का भी सर्वे हो गया है। नर्मदा को सुनार में मिलाएंगे, लोगों को अब बरमान नहीं जाना पड़ेगा।

कार्यक्रम में नपा एसडीएम कुलदीप पाराशर, तहसीलदार महेश दुबे, महामंडलेश्वर महंत श्री हरिदास जी, श्रीराम भार्गव, अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी, बसंत यादव, कुश भार्गव, डॉ हरीश चौरसिया, मुलू पटेल, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, अधिकारी, कर्मचारी सहित पार्षदगण, व्यापारी, दुकानदार एवं पत्रकारो के साथ बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### औषधीय पौधों की खेती पर प्रशिक्षण प्रदान किया

**सागर।** शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया सागर में महाविद्यालय के छात्रों को औषधीय पौधों की खेती पर विषय विशेषज्ञ राजेश मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया उन्होंने काली हल्दी की खेती सिंदूर बच आदि औषधीय पौधों की खेती पर विस्तार से जानकारी दी व औषधीय पौधों की एवं बीजों की पहचान भी कराई एवं औषधीय उत्पाद बनाने की जानकारी दी।

### 7 फरवरी से शुरू होगा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन

**सागर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगा। किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है।

### जनसुनवाई में हुई 148 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 148 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 148 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** बाल श्रम रोकने हर संभव प्रयास करें एवं सभी विभाग आपस में समन्वय के साथ कार्य कर जिले में पूर्ण रूप से बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाएं। उक्त निर्देश अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फोर्स समिति जिला सागर की जिला स्तरीय बैठक में दिए। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष किरण शर्मा ज्योति पांडे सहित सभी सम्मिलित विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में समिति के सभी सदस्य विभागों के दायित्वों और उनके सहयोग को लेकर चर्चा की गई। बालश्रम को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने एवं कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिए गए। बाल एवं किशोर श्रमिकों के पुनर्वास हेतु आवश्यक प्रयासों को रेखांकित किया गया। अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने टास्क फ़ोर्स समिति के सदस्यों को निर्देशित किया की नियमित रूप से संस्थानों का निरिक्षण किया जाये एवं प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यवाही सुनिचित की जाए। जिला श्रम अधिकारी ज्योति पाण्डेय द्वारा अधिनियम के प्रावधानो की विस्तृत जानकारी प्रदाय की गईं। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष किरण शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया की बाल श्रमिक से सम्बंधित किसी भी समस्या हेतु सीडब्ल्यूसी से संपर्क किया जा सकता है, विशेष किशोर इकाई से ज्योति तिवारी, सामाजिक न्याय विभाग से डीएस यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, चाइल्ड लाइन युवा विकास मण्डल आदि उपस्थित रहे।



## प्रदेश प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह के सागर आगमन पर जिला क्षत्रिय समाज ने किया स्वागत

**सागर।** क्षत्रिय समाज जिला सागर के अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा एवं युवा अध्यक्ष संदीप सिंह भापेल के साथ क्षत्रिय समाज जिला सागर ने प्रदेश प्रभारी मंत्रीमहेंद्र सिंह के प्रथम सागर आगमन पर लहदरा नाका बायपास पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अगुवाई में क्षत्रिय समाज के सम्मान के प्रतीक के रूप में तलवार भेंट की साथ ही फूलमालाओं द्वारा समाज के सैकड़ों लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष जैसीनगर रामबाबू सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह, हरनाम सिंह सागौनी, मंत्री प्रतिनिधि मूरत सिंह, हेमंत सिंह सनिल सिंह, संजय सिंह, नीरज सिंह, अभिषेक सिंह, मोहित सिंह, योगेश सिंह, अशोक सिंह, राम नरेश सिंह, रघुराज सिंह, रामजी सिंह, कमल सिंह, लखन सिंह, प्रशांत सिंह प्रेम सिंह, रामराज सिंह, संतोष सिंह, अजीत सिंह सहित समस्त स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।



## संभाग कमिश्नर ने स्काउट गाइड शिक्षक व एनसीसी कैडेट को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्काउट गाइड शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट को सम्मानित किया। संभाग कमिश्नर ने कहा कि सागर जिले के लिए यह गौरव की बात है कि जब स्काउट गाइड एवं एनसीसी की शिक्षक एवं क्रेडिट लगातार अपना सर्वोच्च प्रदर्शन कर सागर संभाग का नाम रोशन कर रहे हैं संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मध्य प्रदेश से सागर की गाइड कैप्टन दुर्गा गोवा, छिरारी एवं कृष्णा साहू चितौरा, फ्लॉक सेक्शन से मंजू लता सोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्काउट गाइड का उच्चस्तरीय परीक्षा कोर्स हिमालय वुड-बैज सफलतापूर्वक पूर्ण कर हिमालय वुड बैज प्रमाण पत्र, पार्चमेंट, पिन एवं राष्ट्रीय ट्रेनिंग सेंटर ब्राउन स्कार्फ प्राप्त कर सागर प्रदेश, संभाग एवं जिले का गौरव देश भर में बढ़ाया इस प्रदर्शन के लिए आज उनको सम्मानित करने कर में गौरांवित हो रहा हूं। राज्य सचिव स्काउट बी एल शर्मा, राज्य आयुक्त गाइड जानकी सिंह, संचालक लोक शिक्षण सागर एस पी बिसेन एवं समस्त सहायक संचालक लोक शिक्षण सागर, सागर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, संभागीय सहायक राज्य संगठक कंचन सिंह, सागर जिला स्काउट डी ओ सी चंद्रभान लोधी, जिला स्काउट गाइड सचिव लीलाधर अहिरवार संभाग एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों ने शुकामनाएँ दी।संदीपनी एम एल बी क्रमांक 1 सागर विद्यालय के जूनियर एनसीसी गर्ल कैडेट गौरी सोनी ने ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर दिल्ली में चयन हुआ। कैडेट कामना पांडे इंटर ग्रुप शूटिंग ग्वालियर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

संदीपनी एम एल बी क्रमांक 1 की 4 जूनियर गर्ल कैडेट का चयन अमरकंटक ट्रेनिंग कैंप में हुआ जहां उन्होंने सागर ग्रुप का प्रतिनिधित्व किया। विद्यालय की शिक्षिका स्मिता मिश्रा एवं प्रभारी एनसीसी अधिकारी ने राज्य स्तरीय शैक्षणिक संगोष्ठी भोपाल में सहभागिता दी। संगोष्ठी के नयी शिक्षा नीति 2020 पर अपने विचार रखकर सागर जिले का प्रतिनिधित्व किया।

## पंचायत एवं वार्ड समिति के गठन को लेकर नरयावली विधानसभा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला कांग्रेस कमेटी सागर मकरोनिया पदमाकर नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में नरयावली विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमे मंडलम, पंचायत एवं वार्ड समिति के गठन एवं मनरेगा बचाओ को लेकर जन चौपाल क्रियान्वयन को लेकर अहम चर्चा हुई। एवं इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गईं।बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, नरयावली विधानसभा के प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी ठाकुर लक्ष्मण सिंह, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी,वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सुहाने, जिला संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी, नरयावली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष शिवपाल यादव, सागर ग्रामीण ब्लॉक के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, मकरोनिया ब्लॉक के अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, सदर ब्लॉक के अध्यक्ष रवि उमाहिया, अभिषेक गौर, दीपक दुबे, शैलेंद्र तोमर, मोंटी यादव, युवक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी, यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष संजय रोहिदास, युवक कांग्रेस विधानसभा जिला अध्यक्ष रोहित वर्मा, सुरेंद्र सिंह चावड़ा, हेमंत लहरिया, अजय अहिरवार, हीरालाल चौधरी, धर्मेंद्र तोमर, सत्येंद्र दुबे, प्रशांत समैया, इंद्राज सिंह, राजा बुंदेला, मनोज राय, साहित्य पांडे, पवन यादव, पिंकी दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।



## यूपी के ललितपुर से सागर पहुंची प्रेम ज्योति

**सागर।** पुट्टपर्ती प्रशांति निलयम से निकली सत्य साई बाबा की प्रेम ज्योति और मसाल उत्तर प्रदेश के ललितपुर से होते हुए सोमवार को सिविल लाइन स्थित साई निलयम में लाई गई। अमझरा गौ शाला में प्रेम ज्योति को यूपी के प्रांत अध्यक्ष सचिन नेव, जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने मप्र को सौंपी। इसे मप्र प्रांत अध्यक्ष अमित दुबे, सागर के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, संयोजक जितेंद्र यादव, आध्यात्मिक प्रभारी समिति सागर डॉ प्रेम चतुर्वेदी, सतना से ओंकार तिवारी, कटनी से बाल किशन नामदेव आदि ने नमन होकर ग्रहण किया। प्रेम ज्योति को साई निलयम में ॐ श्री साई राम के जाप के साथ विराजित किया गया। फिर ध्यान और भजन हुए। मातृशक्ति पीले वस्त्र धारण किए थीं। पुरुष श्वेत वस्त्र में स्कार्फ धारण किए थे। प्रांताध्यक्ष दुबे ने कहा कि स्वामी ने अपनी दिव्य ज्योति आपको भेजी है। इसे आप तय नियम के साथ घर-घर ले जा सकते हैं। ज्योति से ज्योति जलाने से ही प्रेम की गंगा बहती है। दुबे ने बताया कि प्रेम प्रवाहिनी रथ जुलाई में 6 दिन के लिए आएगा उसकी तैयारी अभी से अच्छी हो। इस अवसर पर चंद्रशेखर पिंपलापुरे, आशा पिंपलापुरे, डॉ निकिता पिंपलापुरे, अनिरुद्ध पिंपलापुरे, डॉ देवेंद्र मुखारया, श्रीराम दुबे, बीके गुरु, एसके साहू, डीपी सेन, प्रिया विश्वकर्मा, डॉ अमित दुबे, तपस्या केवट, दीक्षा दुबे, यशा भट्ट, दुष्यंत पटेल, संदीप शिंदे, रवि सेन, नविता यादव, नैंसी यादव, खूबसिंह ठाकुर, अंकुश यादव, देवरी से डॉ शिवम रिछारिया, दमोह के जिलाध्यक्ष राकेश कुर्मी आदि उपस्थित थे।

## इंटीग्रेटेड बायोलॉजी पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस आज से

**सागर।** डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज़ के अंतर्गत प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटीग्रेटेड बायोलॉजिकल रिसर्च का आयोजन 4 से 6 फरवरी, 2026 तक किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की संयोजक प्रो. श्वेता यादव, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग एवं निदेशक डीएचएसजीयू, सागर होंगी। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य जैविक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रख्यात वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं युवा शोधार्थियों को एक साझा मंच पर लाना है। देश-विदेश से अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ सम्मेलन में भाग लेंगे और अपने शोध कार्यों को साझा करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में प्रो. मेवा सिंह (लाइफ-लॉन्ग डिस्टिंग्विश्ड प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ मैसूर), प्रो. एस. पी. सिंह प्रो. अप्पा राव पोडिले , डॉ. गुर पाइन्स तथा प्रो. यू. के. सरकार शामिल हैं। ये सभी विशेषज्ञ अपने-अपने जैविक अनुसंधान क्षेत्रों में किए गए कार्यों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन के दौरान कुल 52 इनवाइटेड लेक्चर्स, 46 पोस्टर प्रेजेंटेशन्स एवं 38 ओरल प्रेजेंटेशन्स दी जाएँगी, जिन्हें तीन पैरेलल टेक्निकल सेशन्स के माध्यम से अभिमंच सभागार एवं एमएमटीटीसी कक्षों में आयोजित किया जाएगा।कांफ्रेंस का मुख्य विषय एकीकृत जैविक अनुसंधान है, जो इस तथ्य पर बल देता है कि कोई भी कोशिका या जैविक प्रणाली अलग-थलग नहीं रहती। यह सम्मेलन प्राणी शास्त्र में एकीकृत एवं अंतःविषय अनुसंधान दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा, जिसमें आणविक जीवविज्ञान, आनुवंशिकी, पारिस्थितिकी, शरीर क्रिया विज्ञान, उत्क्रांतिक जीवविज्ञान एवं संगणनात्मक विज्ञानों को सम्मिलित कर पशु जीवन की गहन समझ विकसित की जाएगी।



## सागर संभाग अंतर्गत समाधान योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी पुरस्कृत

**सागर।** ऊर्जा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना समाधान योजना जिसका प्रथम चरण 31 जनवरी तक था के अंतर्गत सं/सं संभाग सागर के उप संभाग द्वितीय अंतर्गत वितरण केंद्रों, भापेल बमोरी रंगवा, बरारू, नरयावली राहत गढ़, सिहोरा आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को गरिमामय कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया और आगामी माहों में और अच्छे कार्य करने तथा कंपनी हित में प्रगति लाने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी सहायक अभियंता उपसंभाग सागर, अवनीश जारौलिया द्वारा यह कार्यक्रम अपने समस्त कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि लगातार समीक्षा जनसंपर्क एवं सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क एवं सोशल मीडिया के व्यापक प्रचार प्रसार कर सागर जिले में प्रथम स्थान उनके कार्यालय द्वारा प्राप्त किया गया है। कार्यक्रम में पधारी विशिष्ट अतिथि अधीक्षण अभियंता चंद्र रेखा प्रभाकर द्वारा अपने उद्बोधन में सभी कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अच्छे कार्य के लिए सम्मानित होकर और अन्य कर्मचारी भी प्रेरणा लेते है। कार्यक्रम के अध्यक्ष कार्यपालन अभियंता प्रदीप कुमार साहू द्वारा अपने सभी अधिकारियों, वितरण केंद्र प्रभारी तथा कर्मचारियों की प्रशंसा की गई तथा कर्मचारियों से आगामी माहों में और बेहतर कार्य करने पर माह अप्रैल में भव्य सम्मान समारोह आयोजित करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त सभी वितरण केंद्र प्रभारी द्वारा संक्षिप्त रूप से अपने अपने केंद्रों द्वारा के कर्मचारियों द्वारा कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने तथा प्रगति लाने तथा माह फरवरी एवं मार्च में वृत्त में पुनः टॉप करने की शपथ ली।

## कृषक कल्याण वर्ष 2026 के संदेशों के संप्रेषण हेतु किसानों की भव्य मोटरसाइकिल रैली आयोजित

**सागर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के निर्णय के अंतर्गत किसानों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 2 फरवरी 2026 को लगभग 175 किसानों की एक भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषक कल्याण योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सकारात्मक सोच से जोड़ते हुए कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना रहा। पूर्व से ही विकासखंड स्तर पर कृषि रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, उसी क्रम में यह रैली आयोजित की गई। रैली में उन्नतशील कृषक, युवा किसान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सहयोगियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

## सप्त दिवसीय श्री राम कथा का सुनने भक्तों की उमड़ रही भीड़

# माता-पिता को संतुष्ट करने वाली संतानें संसार में दुर्लभ हैं: प्रेमभूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

माता-पिता को संतुष्ट करने वाले संतान संसार में दुर्लभ हैं। वह माता-पिता भाग्यशाली हैं जिनके पास आज्ञाकारी पुत्र और पुत्री हैं जो उनके मन के अनुसार चलते हैं। भगवान राम ने तो सिर्फ इतना ही सुना की पिताजी ने माता जी को दो वचन दिए हैं और चुपचाप अपने पिताजी के वचनों का पालन करने वन यात्रा पर निकल पड़े। यह उद्गार मध्य प्रदेश के सागर स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन के चौथे सत्र में पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए व्यक्त किए। श्रीराम कथा के चौथे दिवस कथा श्रवण हेतु अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता, संगठन पदाधिकारी, आयोग के अध्यक्ष, विधायक, पूर्व मंत्री, अनेक पूर्व विधायक, महापौर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से नेता गण पहुंचे।



सरस श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति प्रेमभूषण जी महाराज ने मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह जी के पावन संकल्प से आयोजित रामकथा के क्रम में श्री सीताराम विवाह से आगे के प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि मनुष्य अपने कर्म बिगाड़ करके ही जीवन में दुख कष्ट और बीमारी प्राप्त करता है। मनुष्य को खासकर अपने विवाह के बाद अपने कर्मों के प्रति सावधान जरूर हो जाना चाहिए। कर्म करने में लापरवाही का परिणाम भी सामने आता है। सीखने के लिए एक अवस्था होती है जीवन भर बार-बार गलती कर करके नहीं सीखा जा सकता है।


पूज्य महाराज श्री ने कहा कि जिसके पास जो होता है दूसरे को वही वस्तु दे सकता है। अपने कष्ट और दुख के लिए हम बेवजह भगवान को दोष लगाते हैं। भगवान किसी को दुख या कष्ट दे ही नहीं सकते हैं, क्योंकि उनके पास ना तो दुख है, ना कष्ट है। भगवान के पास कोई बीमारी भी नहीं है तो वह देंगे कहां से? हमारे हाथ में केवल हमारा कर्म है। हमारे कर्म से ही हमारा प्रारब्ध बनता है। कोई भी व्यक्ति किसी और के भाग्य को बदल नहीं सकता है। क्योंकि उसका भाग्य तो उसके अपने ही कर्मों से बना होता है। कर्म का फल हर हाल में खाना होता है और सनातन धर्म विश्वास पर ही टिका है।

केवट जी को 17 जन्मों के बाद भगवान के पांव पखारने का अवसर मिला था। निषाद राज गुह को लक्ष्मण जी ने राम जी के बारे में बताते हुऐ कहा था -'' आप व्यर्थ में कैकई माता को दोषी मान रहे हैं। कोई चाह कर भी किसी को सुख या दुख नहीं दे सकता है। मनुष्य तो अपने कर्म से ही सुख अथवा दुख पाता है लेकिन हमारे राम जी तो भगवान हैं। भगवान विकारों से रहित हैं और उन्हें कोई सुख अथवा दुख प्रभावित नहीं कर सकता है।" महाराज जी ने बताया कि मानस में कुल सात गीता हैं और यह प्रसंग गुह गीता के नाम से जाना जाता है। यह प्रसंग हमें बताता है कि सीताराम जी के चरणों में प्रेम रखते हुए और अपने परिश्रम से अर्जित धन का सदुपयोग करने वाले ही सदा सुखी रह सकते हैं। लक्ष्मण जी ने निषाद राज गुह को यह शिक्षण दिया लेकिन उसको पकड़ लिया वहाँ उपस्थित केवट जी ने और अगले दिन उन्होंने भगवान के चरणों में अपनी प्रीत का दर्शन भी करा दिया। प्रभु के चरण पखार कर वह जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो गए।


जिले के छुपे हुए दर्शनीय स्थलों की स्वयं फोटोग्राफी कर वो रहे पर्यटन का बीज

# टूरिज्म का हुनर उपयोग करके कलेक्टर कर रहे एक पंथ दो काज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






इंजिनियरिंग की पढ़ाई करने के बावजूद भी प्रशासनिक सेवा की राह चुनकर आम जनता के करीब रहकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकास की खाई कम करके प्रत्येक नागरिक को समान रूप से आगे बढ़ाने का अपना सपना पूरा करने का उद्देश्य बनाने बाले 2012 बैच के आईएएस विवेक श्रोत्रिय ज़ब से टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर बने हैं तब से पिछड़े जिले की सूची में शामिल टीकमगढ़ जिले को विकसित करने के उद्देश्य से जिले के छुपे हुए दर्शनीय स्थलों की स्वयं फोटोग्राफी कर उन्हें सार्वजनिक कर अपने पर्यटन के अनुभव का लाभ जिले में पर्यटन उद्योग को बढ़ाने में प्रयासरत नजर आ रहे हैं। जिले की जिस खूबसूरती से जिले के नागरिक भी अभी तक अंजान थे या उन पर ध्यान नहीं दिया गया था। ऐसे नजारों की कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा स्वयं फोटोग्राफी कर उस खूबसूरती से जिलेवासियो समेत जिले से बाहर के लोगो को भी परिचित कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिये कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा कभी जिले के तालाबों को हिल स्टेशन रूप में खूबसूरती से प्रदर्शित किया जाता है तो कभी इतिहासकारों के समक्ष स्वयं जाकर किताबों को खंगालकर नई जानकारी प्रस्तुत की जाती है। कुल मिलाकर जिले के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक, पौराणिक व दार्शनिक रूप को खूबसूरती से प्रस्तुत किया और कराया जा रहा है।

परिवार का सहयोग और अनुशासित माहौल में प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल करने बाले आईएएस विवेक श्रोत्रिय का मानना है कि असली संतोष लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं का हल निकालने में मिलता है। इनकी यह सोच इनके कार्य में दिखती भी है क्योंकि लोगो से आत्मीयता से मिलकर उनकी समस्या को पूरी तन्मयता से हल करने में कलेक्टर श्रोत्रिय प्रयासरत भी दिखते है। जिसके परिणामस्वरूप वह जनता के फेवरेट भी बने हुए है। हालांकि जन चहेते बन चुके कलेक्टर श्रोत्रिय की जिले के नेताओं के बीच चाहत थोड़ी कम ही रहती है। लेकिन पक्ष व विपक्ष के नेताओं में समन्वय बनाये रखने में कलेक्टर श्रोत्रिय सफल रहे हैं।

### प्रभार लेने से पूर्व भगवान के दर्शन आशीर्वाद और पर्यटन प्रचार साथ-साथ

30 जनवरी को ज़ब विवेक श्रोत्रिय ने टीकमगढ़ कलेक्टर का पदभार लिया तो इसके पूर्व उन्होंने जिले की प्रशिद्ध नगरी कुंडेश्वर स्थित स्वयंभू भोलेनाथ के दर्शन किए। जहां से उन्होंने जिले में प्रशासनिक कार्य की शुरुआत के साथ साथ जिले में पर्यटन विकास उद्देश्य पूर्ण करने के कार्य की भी शुरुआत कर दी। कलेक्टर ने कुंडेश्वर को लेकर अनछुई ऐतिहासिक व पौराणिक जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि कुंडेश्वर मंदिर एक ज्यामितीय शिव शक्ति अक्ष रेखा पर स्थित है। भारत में प्राचीन काल से ही मंदिरों का निर्माण ज्योतिष, वास्तु और ऊर्जा के सिद्धांतों के आधार पर किया गया है। इनमें से कुछ मंदिर एक विशेष अक्ष रेखा पर स्थित हैं, जिसे शिव शक्ति अक्ष रेखा कहा जाता है। यह रेखा केदारनाथ मंदिर से शुरू होकर रामेश्वरम तक भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित प्रमुख 8 शिव मंदिरों को एक सीधी रेखा में जोड़ती है।

### पहली बार प्रवेश करते वक्त ही पारखी नजर से पहचानी विसरी धरोहर व विरासतें

कलेक्टर श्रोत्रिय ज़ब टीकमगढ़ का प्रभार लेने जिले में प्रवेश हुए तो वह नगर को निहारते हुए आगे बढ़े और साथ ही अपना उद्देश्य बनाते चले। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैने जिस दिन टीकमगढ़ जॉइन किया था तब अम्बेडकर तिराहे से आते वक्त गंजीखाना ग्राउंड के सामने स्थित राजशाही इमारत दिखी जिसमें पूर्व में सरस्वती स्कूल संचालित होता था। इस इमारत की दीवारे बहुत ही आकर्षक दिख रही थी। विरासत भवनों के मध्य यह क्षेत्र नगर की एक अति सुंदर नगर एंट्री हो सकती है। इसी उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा यहाँ काम शुरू करवाकर दीवारो पर आकर्षक रंगरोगन व कुछ निर्माण कराया गया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि नज़रबाग़ का शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन एक पुरानी विरासत सहेजे हुए है। सन 1877 में टीकमगढ़ के प्रगतिशील महाराज प्रताप सिंह जूदेव ने पुरानी पाठशाला को अपग्रेड कर ह्यसवाई महेन्द्र हाई स्कूलह्न नाम दिया। सवाई महेन्द्र हाई स्कूल टीकमगढ़ की शिक्षा यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बना। महाराज प्रताप सिंह के ही शासनकाल की रजत जयंती पर 1924 को इस विद्यालय के लिए नया भवन नज़रबाग प्रांगण में उद्घाटित हुआ। इसलिये इतनी अच्छी धरोहर को खोने नहीं दिया जा सकता। तब जनप्रतिनिधियों और डीएटीसीसी की बैठक में सभी जनप्रतिनिधि एकमत हुए की इस भवन को वापस जीवित किया जाए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि ठंड के मौसम में कोहरे की चादर ओढे शहर के बड़े तालाब ताल कोठी महेंद्रसागर का दृश्य किसी हिल स्टेशन जैसा मंत्रमुग्ध करने वाला है। बही दूसरी पोस्ट में टीकमगढ़ के सबसे बड़े तालाबों में शामिल नदनवारा तालाब की फोटो क्लिक करके लिखा कि एक शांत, विस्तृत और यहाँ बैठकर, दूर कई किलोमीटर पर स्थित छीपरी के भगवान शिव के दर्शन भी हो जाते हैं। हर घर तिरंगा अभियान में भी मढ़खेरा सूर्य मंदिर को हेरिटेज स्थल रूप में उकरते हुए प्रसारित किया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिले के इतिहासकारों के घर जाकर ऐतिहासिक किताबों को छानकर की ऐतिहासिक खाशीयते उजाकर की। उन्होंने लिखा कि जो बुंदेलखंड के बाहर के निवासी है उन्हें उन्हें बता दूँ कि ह्यमधुकरह्न 1940 से लेकर 1946 तक टीकमगढ़ से निकलने वाली पाक्षिक पत्रिका थी जो प्रख्यात साहित्यकार बनारसीदास चतुर्वेदी संपादित कर निकालते थे। बनारसी दास जी इंदौर में डेली कॉलेज मे हिन्दी के शिक्षक थे। जिन्हें उनके विद्यार्थी और टीकमगढ़ के साहित्य प्रेमी महाराजा वीर सिंह जू देव ने बाद में टीकमगढ़ बुला लिया था। बनारसीदास जी ने मधुकर के एक अंक में लिखा है कि ह्यह्नइस खोरई नामक जंगल को मैंने ह्यमधुवनह्न के नाम से पुकारा था और इस मधुवन के विषय में मैंने आज के पाँच वर्ष पहले एक निबन्ध लिखा था। उस निबन्ध के दो अंश सफल देखकर मेरा हृदय प्रफुल्लित है। इसलिये मैं कोशिश करूँगा कि मधुकर के सभी अंकों को डिजिटली स्कैन करके उनकी प्रतियां लाइब्रेरियों में सुरक्षित रखी जायें।

### एसपी के निर्देशों पर कुड़ीला पुलिस की कार्रवाई

# अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई किए जाने तथा क्षेत्र में सूचना तंत्र एवं मुखबिर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कुड़ीला पुलिस द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए दूबदेई माता मंदिर मार्ग, तिगैला की पुलिया, ग्राम दूबदेई से एक आरोपी को अबैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस द्वारा आरोपी नारायण सिंह उर्फ नरेन्द्र उम्र लगभग 20 वर्ष के कब्जे से एक 12 बोर की देशी अद्दी कट्टा एवं 12 बोर के दो जिंदा कारतूस जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध थाना कुड़ीला में धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविंद यादव, असलम खान, प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा, आरक्षक अभिषेक कुर्मी, सुनील कुमार, अनिल महेडिया, माजिंद मंसूरी, चन्द्रकान्त उपाध्याय एवं एनआरएस कोमल लोधी, मिथलेश परसारिया का सराहनीय योगदान रहा।

### अकेली पुत्री को गालियां देकर किया हमला

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम सिंदवाहा में रहने वाले राधाचरण पुत्र गोकुल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 जनवरी को अपराह्न करीब 1.30 बजे वह मजदूरी करने गया हुआ था और उसकी पुत्री घर में अकेली थी। तभी गांव के करन पुत्र मनोज आया और अकारण ही उसकी पुत्री को गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त करन उसकी पुत्री पर हमलावर हो गया। जब पुत्री चिल्लाई तो रामकली पत्नी शिवराज व उसकी पत्नी बचाव करने पहुंची तो करन ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

## ग्राम पंचायत चरी में जनसुनवाई बनी औपचारिकता, सचिव नदारद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जनपद पंचायत पलेरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चरी में जनसुनवाई सिर्फ एक औपचारिकता बनकर रह गई है, क्योंकि निर्धारित जनसुनवाई के दिन भी पंचायत सचिव मंगल सिंह यादव मौके पर उपस्थित नहीं रहे। तय समय पर सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पंचायत भवन पहुंचे और सचिव का लंबे समय तक इंतजार करते रहे, लेकिन सचिव नहीं आए। जिससे जनसुनवाई कार्य सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया।

ग्राम पंचायत चरी में सचिव मंगल यादव की अनुपस्थिति के चलते ग्रामीणों की जनसुनवाई में भी सुनवाई नहीं हो सकी। इसके अलावा भी पंचायत में सचिव मंगल यादव की नियमित उपस्थिति न होने से जनता के जरूरी कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहे। ग्राम पंचायत चरी के ग्रामीणों ने बताया कि वह अपने जरूरी कार्यो संबंधी आवेदन, शिकायतों का निस्तारण और अन्य पंचायत संबंधी काम के लिए भटकने को मजबूर रहते हैं। जिससे ग्रामीणों के आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी कई बार सचिव मंगल यादव के न आने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सचिव मंगल यादव की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि जनसुनवाई का उद्देश्य पूरा हो सके और पंचायत के कार्य सुचारु रूप से संचालित हो।

### श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ मप्र के लिए रवाना

**ललितपुर।** भगवान श्री सत्य साईं बाबा के संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने वाली श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा सोमवार को उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जनपद ललितपुर से मध्य प्रदेश के लिए प्रस्थान कर गई। प्रस्थान अवसर पर वातावरण भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं से सराबोर रहा। सुबह रथ यात्रा अग्रवाल रेजिडेंसी, ललितपुर से प्रारंभ होकर कचहरी चौराहा, जेल चौराहा, ईलाइट होते हुए मसौरा पहुँची, जहाँ देवेन्द्र कुशवाहा एवं ग्रामीणजनों द्वारा रथ यात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इसके उपरांत रथ यात्रा अमझरा घाटी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुँची, जहाँ बाबा के रथ का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर प्रांगण में विधिवत आरती एवं पूजन संपन्न हुआ। तत्पश्चात अमझरा घाटी की गौशाला में रथ यात्रा की हैंडिंग ओवर सेरेमनी आयोजित की गई।

स्वच्छता का संदेश देते हुए नपाध्यक्ष ने बांटे डस्टबिन

## हाथ ठेला और पथ विक्रेताओं को किया आसपास साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर के छोटे बड़े व्यापारियों को नपाध्यक्ष द्वारा निशुल्क डस्टबिन वितरित किये गये। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के अभियान के तहत पलेरा नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा द्वारा एक विशेष पहल की गई। स्वच्छता अभियान को गति देते हुए अध्यक्ष वर्मा ने स्थानीय हाथ ठेला संचालकों और पथ विक्रेताओं स्ट्रीट वेंडर्स को निशुल्क डस्टबिन वितरित किए।

इस अवसर पर अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे कचरा सड़कों पर न फेंकें और न ही किसी को फेंकने दे। ग्राहकों को भी डस्टबिन का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। निशुल्क डस्टबिन वितरण के दौरान वार्ड पार्षद राजकुमारी राय, पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार, और नगर पालिका के सहायक ग्रेड-3 अरुण कुमार सोनी सहित नगर पंचायत का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। पार्षद राजकुमारी राय ने भी विक्रेताओं को अपने कार्यस्थल के आसपास सफाई बनाए रखने की समझाइश दी। नगर पालिका प्रशासन की इस पहल का पथ विक्रेताओं ने स्वागत किया और शहर को साफ रखने में अपना सहयोग देने का संकल्प लिया। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए ऐसे और भी कदम उठाए जाएंगे।

### नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री जो कि 31 जनवरी को अपने स्कूल राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गयी हुयी थी। काफी देर तक जब वह विद्यालय नहीं पहुंची तो उसने आसपास व रिश्तेदारी में जानकारी की। लेकिन पुत्री का पता नहीं चला। आरोप है कि पुत्री की सहेली ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर के थाना चन्देरी अंतर्गत ग्राम गोरा निवासी अभिषेक पुत्र हरीराम अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने अभिषेक विवेचना शुरू कर दी।

## सोने-चांदी के जेवरात गिरवी रखकर हड़पने का आरोप, ग्रामीणों ने पुलिस को दिया शिकायती पत्र



**ललितपुर।** सोने-चांदी की कीमतें लगातार घटने-बढने का मामला एक तरफ और कम दाम में सोना-चांदी गिरवी रखकर उसका लाभ उठाकर लोगों के जेवरात वापस नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने लामबंद होकर कोतवाली पुलिस को एक लिखित शिकायती पत्र दिया है। दरअसल, निकटवर्ती ग्राम पटौराखुर्द में रहने वाले ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उसके साथ कल्यानपुरा निवासी विजय पुत्र खिलान सिंह, पर्वत पुत्र रघुवीर, ग्राम रोंडा निवासी कुसुम पत्नी जगदीश बुनकर, नदनवारा निवासी रामसिंह, सिलगन निवासी नन्दलाल कुशवाहा, पटौराखुर्द निवासी जाहर सिंह, रोडा निवासी सूरज, गनगौरा निवासी सुम्मेर सिंह व हरप्रसाद पुत्र रमुआ ने जूता-चप्पल मार्केट लाइन में जायसवाल का वाडा में सोने-चांदी की दुकान किये दो सगे भाइयों जिनके नाम व पता ग्रामीण जानते हैं के यहां वर्ष 2023 व 2025 में जेवर गिरबी रखे हुये थे, तबकि आज की मंहगाई के कारण उक्त युवकों के पिता ग्रामीणों को गुमराह कर अपने पुत्रों को गायब कर देता है। आरोप है कि पुलिस को भी गुमराह करते हुये सारा जेवर रख लिया है। आरोप है कि विगत दिवस सभी ग्रामीण जब उसके पास पहुंचे तो पिता-पुत्र दोनों दुकान पर मिले, जिन्होंने दो दिन बाद जेवर ले जाने की बात कही। इस पर ग्रामीण सोमवार को जेवर लेने दुकान पर पहुंचे तो उक्त लोगों ने जेबर वापस नहीं दिया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। ग्रामीणों ने बताया कि इस सम्बन्ध में पूर्व में भी शिकायती पत्र दिये, लेकिन कार्यवाही नहीं की। ग्रामीणों ने आमरण अनशन करने की चेतावनी देते हुये पुलिस से कार्रवाई किये जाने की गुहार लगायी है। इस दौरान पर्वत सिंह, रामसिंह, विजय सिंह, नन्दलाल कुशवाहा, हरप्रसाद, कुसुम के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सांदीपनि विद्यालय में कॅरियर मेले का हुआ समापन



**बड़ागांव धसान।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय बड़ागांव धसान में आयोजित 5 दिवसीय कॅरियर मेला कार्यक्रम के अंतिम दिन 31 जनवरी को विद्यार्थियों के फीडबैक, डाउट सेशन, विशेषज्ञ व्याख्यान और विद्यार्थियों को मिष्ठान्न वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया।

5 दिवसीय कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य रामनरेश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन सर्वप्रथम विद्यार्थियों दीक्षा यादव, छाया चढ़ार, दीप्ति चौरसिया ने विगत 4 दिनों में प्राप्त किए अनुभवों के आधार पर फीडबैक दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की उपप्राचार्य प्रीति जैन, शिक्षक सत्येन्द्र यादव, राकेश यादव, अशोक कुशवाहा, रश्मि पटैरिया ने विद्यार्थियों की कैरियर सम्बन्धी शंकाओं का समाधान किया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों सहित कक्षा 9 से 12 तक के समस्त विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अतिथियों द्वारा छात्रों के भविष्य निर्माण हेतु विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्प की जानकारी दी गई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॅरियर मार्गदर्शन के नोडल शिक्षक शुभम जैन ने किया।

### एसपी मंडलोई की पहल बनी शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम

# पुलिस जनसुनवाई से हुई शिकायतों में 23 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के समस्त पुलिस थानों में की जा रही जनसुनवाई क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बनी हुई है। क्योंकि पुलिस प्रशासन को अधिक मानव-केंद्रित, सहानुभूतिपूर्ण और भरोसेमंद बनाने के उद्देश्य से एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संवेदनशील पुलिसिंग की नई दिशा विकसित की जा रही है। जनता की हर छोटी-बड़ी परेशानी तक पहुँचना और उसे ईमानदारी से समझने की सोच के साथ जिले के प्रत्येक थाना, चौकी और जिला मुख्यालय पर प्रत्येक मंगलवार जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

एसपी मंडलोई की इस पहल का मुख्य उद्देश्य है कि हर नागरिक को यह महसूस हो कि उसकी बात सच में सुनी और समझी जा रही है। 3 फ़रवरी को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई शिविर में एसपी मंडलोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला मुख्यालय पर ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से शांत, धैर्यपूर्ण और आत्मीय बातचीत की। साथ ही प्रत्येक समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना गया। जिसमें कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही तत्परता से किया गया। एवं जिन प्रकरणों पर विस्तृत जांच की आवश्यकता थी, उनमें निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई का भरोसा दिया गया। इस दौरान नागरिकों ने खुलकर अपनी परेशानियां रखीं और इस पहल को सकारात्मक व आश्वस्त करने वाला बताया। एसपी मंडलोई के निर्देश अनुसार जनसुनवाई में महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजन और जरूरतमंद नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता दी जाती है। हर आवेदन पर मानवीय दृष्टि, संयम और पारदर्शिता से कार्रवाई का आश्वासन दिया जाता है। सभी अनुभागों में एसडीओपी द्वारा सीधे संवाद की व्यवस्था से नागरिकों में भरोसा बढ़ता जा रहा है। थाना और चौकी स्तर तक जनसुनवाई पहुँचाने का प्रयास भी किया जाता है, ताकि किसी भी नागरिक को दूरी या कठिनाई बाधा न बने। पुलिस कार्यशैली में संवेदनशीलता, सहयोग, जवाबदेही और विनम्रता को केंद्र में रखा गया है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई की इस जनोन्मुखी पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे है। जिसमें जिला मुख्यालय पर आने बाली शिकायतों में 23प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस अधिकारियो ने बताया कि जिला पुलिस का लक्ष्य है कि विश्वास, सम्मान और सहयोग को आधार बनाकर ऐसी पुलिसिंग स्थापित की जाए जो जनता के हृदय से जुड़ी हो। एवं जहाँ हर व्यक्ति बिना हिचकिचाहट कह सके कि मेरी समस्या की सुनवाई होगी और समाधान भी मिलेगा। आने वाले दिनों में जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविरों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी, ताकि पुलिस और नागरिकों के बीच का रिश्ता और अधिक सहयोगपूर्ण भरोसेमंद और मानवीय बन सके।

### सफाईकर्मियों ने रैली निकालकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, वेतन दिलाने की मांग

# हड़ताल से शहर हुआ कचरे के हवाले सफाई नहीं होने से परेशान हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत 3 माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। सफाई कर्मचारियों की इस हड़ताल से मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। नगर पालिका में जितने भी सफाई कर्मचारी थे उनमें से एक भी सफाई करने नहीं पहुंचा जिससे शहर की सड़कों पर दिन भर कचरे के ढेर सड़ांध फैलाते रहे। इस दौरान हड़ताली कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्ट्रेट अर्पित वर्मा को तीन माह से रुका वेतन दिलाने की मांग से जुड़ा ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को नगर पालिका के संविदा कर्मचारी जिनमें सफाई कर्मचारी भी शामिल थे ने नगर पालिका के गेट के बाहर सड़क पर धरना देकर उन्हें तीन माह से नहीं मिल रहा वेतन देने की मांग की थी साथ ही मौके पर पहुंचे सीएमओ आरआर यादव को उन्होंने चेतावनी भी दी थी कि अगर वेतन नहीं मिला तो वह मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर देंगे जैसा कहा था वैसा ही सफाई कर्मियों ने कर डाला। शहर की सड़कों पर कहीं भी झाड़ू नहीं लगाई गई जिसके कारण बाजार सहित शहर में कचरे के ढेर दिन भर पड़े रहे। सबसे अधिक परेशानी बाजार में आई जहां पर अल सुबह सफाई के बाद नगर पालिका ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से कचरा उठा कर ले जाती है लेकिन मंगलवार को बाजार में झाड़ू नहीं लगाई गई जिससे दिनभर कचरा सड़कों पर फैला रहा। इस दौरान रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे नपा कर्मियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा सूचना मिलने पर विधायक बाबू जंडेल, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता और कुछ पार्षदों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे जिन्होंने भी नपा कर्मचारियों को वेतन दिलाने से संबंधित आवेदन दिया।








#### बस्तियों में कचरा गाड़ी का इंतजार करते रहे लोग

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कचरा कलेक्शन सेवा भी बुरी तरह प्रभावित हुई। नगर पालिका की वो गाड़ियां जो म्यूजिक (गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल) बजाते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में घूम घूम कर कचरा एकत्रित कर टचिंग ग्राउंड भेजने का काम करती हैं उन गाड़ियों का म्यूजिक मंगलवार को सुनाई नहीं दिया। लोग कचरा गाड़ी का इंतजार घर के द्वार पर डस्टबिन रखकर दिनभर करते देखे गए।

#### इनका कहना...

कल संविदा कर्मचारियों के खातों में वेतन डाल दिया गया था अन्य कर्मचारियों के खातों में भी वेतन डाले जाने के लिए व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिस मद में भी पैसा होगा वहां से निकाल कर कर्मचारियों को वेतन के रूप में कैसे डालें संबंध में कलेक्टर ने भी निर्देश दिए हैं। सफाई कर्मियों ने बिना चेतावनी के हड़ताल कर दी है। उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

**आरआर यादव**
सीएमओ श्योपुर

### विधानसभा प्रश्न का जवाब देने में छूट रहे महिला बाल विकास विभाग के पसीने

# दो गाड़ियों में एक साथ सवार होकर भ्रमण कर रहा सीडीपीओ!




#### जिला मुख्यालय से संचालित हो रहे परियोजना कार्यालय

विधायक बाबू जंडेल ने महिला बाल विकास विभाग से एक प्रश्न परियोजना मुख्यालय से संबंधित पूछा है जिसका जवाब भी विभाग को देते नहीं बन रहा है। दरअसल विधायक ने पूछ लिया है कि श्योपुर विकासखंड की तीन परियोजनाओ के ऑफिस कहां कहां संचालित है। इस पर भी विभाग की ओर से जवाब देते नहीं बन रहा है। क्योंकि जो तीन परियोजनाएं श्योपुर ग्रामीण 01 ग्रामीण 02 एवं शहरी परियोजना का ऑफिस जिला मुख्यालय पर अफसरों ने अपनी सुविधा के अनुसार बनाया हुआ है। बार-बार सरकार का हवाला देकर अफसर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्यालय पर रहने के नोटिस जारी करते हैं और उनका वेतन काटने की कार्रवाई भी करते रहते हैं। जबकि वह अपना कार्यालय जिला मुख्यालय पर बनाए हुए हैं। जिसके कारण सुपरवाइजर भी जिला मुख्यालय पर ही डेरा डाले रहती हैं। क्योंकि उन्हें मुख्यालय पर उपस्थिति देनी होती है अब सीडीपीओ और सुपरवाइजर तो भ्रमण से बच रहे हैं पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्यालय पर रहने के नोटिस जारी हो रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

क्या किसी एक अधिकारी को भ्रमण के लिए एक से अधिक वाहन उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है! वह भी जिला या विकासखंड स्तर का नहीं सिर्फ परियोजना स्तर का अधिकारी हो तो आश्चर्य होना लाजमी है पर यह आश्चर्यजनक नवाचार श्योपुर जिले में हो रहा है जहां महिला बाल विकास विभाग में एक सीडीपीओ (परियोजना अधिकारी) ने अपने नाम दो गाड़ियां आवंटित करा रखी हैं। आश्चर्य कि बात तो यह है कि उक्त अधिकारी न सिर्फ दोनों ही गाड़ियों का उपयोग कर रहा है बल्कि उसमें डीज़ल भी बराबर डलवा रहा है। इसकी जानकारी विधायक बाबू जंडेल ने सरकार से विधानसभा में प्रश्न लगाकर पूछ ली है। अब इस प्रश्न का जवाब बनाने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं क्योंकि संबंधित सीडीपीओ जिन दो गाड़ियों का उपयोग भ्रमण के नाम पर कर रहे हैं उनका अनुबंध संबंधित वाहन मालिक से विधिवत विज्ञप्ति निकालकर किया गया है।

विधायक बाबू जंडेल ने बताया है कि उन्होंने विधानसभा में महिला बाल विकास विभाग से जुड़े कई प्रश्न पूछे हैं जिसमें एक प्रश्न भ्रमण के लिए वाहनों को लगाने से संबंधित भी पूछा गया है। इस प्रश्न का जवाब देने में विभाग को परेशानी यह आ गई है कि एक सीडीपीओ पर दो परियोजनाओं का प्रभार है और उसके लिए दोनों परियोजनाओं के नाम पर दो गाड़ियों को किराए पर लगाने के लिए विज्ञप्ति निकाली गई थी। बाद में संबंधित वाहन स्वामियों से अनुबंध भी कर लिया गया है अब दो परियोजनाओं में दो गाड़ियां लगाना तो नियम अनुसार है लेकिन एक अफसर दो गाड़ियों को कैसे चलाएगा यह बात किसी के समझ में नहीं आ रही है। विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो जब वाहन के लिए विज्ञप्ति निकाली गई थी तब भी सीडीपीओ पर परियोजना का प्रभार था। इसके बावजूद दो परियोजनाओं के लिए विज्ञप्ति निकाली गई और उसके बाद लगातार संबंधित वाहन स्वामियों को वाहन चलाने के नाम पर हर माह मोटी रकम किराए की अदा की जा रही है और डीजल भत्ता अलग खर्च किया जा रहा है।

सबसे अधिक आश्चर्य की बात तो यह है कि जिन परियोजनाओं के लिए गाड़ी लगाई गई है उन दोनों परियोजनाओं का मुख्यालय एक ही ऑफिस से संचालित हो रहा है। इस मामले में सीधा-सीधा सरकारी राशि का भ्रष्टाचार का मामला बनता दिखाई पड़ रहा है खास बात यह भी है कि जिन गाड़ियों का अनुबंध विभाग ने किया है वह टैक्सी परमिट भी नहीं है जबकि शासन के नियम अनुसार और विज्ञप्ति में जारी की गई शर्तों के अनुसार भ्रमण के लिए लगाए जाने वाले वाहनों का टैक्सी परमिट होना जरूरी है।

### मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेसियों ने किया उपवास

# सिर्फ नाम बदलकर मजदूरों के साथ सरकार ने छलावा किया: जंडेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) का सिर्फ नाम बदलकर मजदूरों के साथ सरकार ने छलावा किया है। बदले नाम जी रामजी में मजदूरों को काम दिलाने की गारंटी कम हुई है। इस व्यवस्था में साल में लगातार 60 दिन काम बंद रखने का प्रावधान किया गया है। जिसके कारण लोगों का मजदूरी के लिए पलायन ओर अधिक बढ़ेगा। यह बात मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ अभियान के तहत गांधी पार्क पर आयोजित उपवास के दौरान विधायक बाबू जंडेल ने सरकार पर हमला बोलते हुए कही।

उपवास कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने अभियान से जुड़ी जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस इस महीने के अंत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के तहत श्रमिकों को संगठित करने के लिए ' काम मांग अभियान' शुरू करने जा रही है । इस पहल के तहत, पार्टी पदाधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 10 जरूरतमंद श्रमिकों को काम की औपचारिक मांग उठाने में मदद करेंगे। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, रितेश तोमर, संजीव कुशवाह, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा, पार्षद सुमेर सिंह, सलाउद्दीन (भूरा), पार्षद प्रतिनिधि महावीर वाल्मीकि, महावीर सुमन, इमरान खान (शानू) आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड नंबर 5 के पार्षद ने दिया इस्तीफा, कलेक्टर ने नकारा




**श्योपुर।** नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को बीते तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद भूपेंद्र गर्ग उर्फ धर्मु ने बनी परिस्थितियों की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिकता के आधार पर नगरपालिका की स्वास्थ्य समिति के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उनका इस्तीफा तत्काल अस्वीकृत कर दिया है लेकिन वह अपने फैसले पर अड़े हुए हैं। मंगलवार को सफाई कर्मचारियों ने बीते 3 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन देते हुए वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद धर्मु जो नगर पालिका में स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष है और सफाई व्यवस्था उनके ही जिम्मे आती है ने नगर पालिका में बनी इस स्थिति पर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष पद से लिखित इस्तीफा कलेक्टर अर्पित वर्मा को सौंप दिया। हालांकि कलेक्टर ने उनका इस्तीफा अस्वीकृत करते हुए पत्र को पढ़ने के बाद वापस लौटा दिया लेकिन वह इस्तीफा देने पर अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि वह अब कभी भी स्वास्थ्य समिति की बैठक में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि जब से उनकी परिषद गठित हुई है तब से कर्मचारियों को नगर पालिका में नियमित रूप से वेतन नहीं मिल रहा है तीज त्यौहार भी कर्मचारी बिना वेतन के मना रहे हैं इस मामले में सभी जन प्रतिनिधियों (पार्षदों) को अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की कंगाली में हर पार्षद की जिम्मेदारी है और वह इसे स्वीकारते हुए नैतिकता के आधार पर अभी स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया।

# शराब छोड़ोगे तो संविधान पढ़ोगे और तभी जानोगे अपने अधिकार: घाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नशा बुराई की जड़ है जो व्यक्ति नशा करता है वो अपने होश में नहीं रहता है ऐसे मदहोश व्यक्ति को संविधान पढ़ाने ओर समझाना भैंस के आगे बीन बजाने जैसा है। इसलिए समाज में बुरी तरह प्रचलन में आ चुके शराब के नशे को रोके जाने की जरूरत है। शराब छोड़ोगे तभी संविधान पढ़ोगे ओर समझोगे। यह बात मंगलवार को एकतापुरा में आयोजित बैठक में पटेल घाली आदिवासी ने संवाद करते हुए कही।

सोईकलां पंचायत के एकतापुरा सहरिया बस्ती में आयोजित हुई सामुदायिक बैठक गांव के पटेल घाली आदिवासी की अध्यक्षता में हुई जिसमें अन्य मुद्दों के साथ साथ संवेधानिक मूल्य गरिमा पर चर्चा की गई बैठक में भागीदारी करने वाले सभी परिवार एक समय में बंधुआ मजदूरी से मुक्ति होकर उनको एकतापुरा नाम से नये बस्ती में बसाया गया यहां एक समुदाय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवी जयसिंह जादौन ने आपसी संवाद करते हुए बताया कि एक लंबे संघर्ष के बाद हमको यहां जमीन तो मिल गई है और अब हम खेती भी कर रहे हैं लेकिन बहुत सारी सामाजिक बुराइयों के कारण अभी भी हम कमजोर हैं और अन्य समाज हमें हेय दृष्टि से देखता है। इसलिए जरूरी है कि हम सबको संविधान ने जो रास्ता दिखाया है उसपर चलकर अपने जीवन को गरिमापूर्ण जी सके तथा आपस मे सम्मानपूर्वक व्यवहार करें और शराब गुटका आदि नशा से दूर रहे ताकि हम अपने परिवार और समाज को सम्मान दिला सके। नाथीबाई ने कहा कि पहले कोई इज्जत नही करते थे लेकिन अब थोड़ा थोड़ा करने लगे है हम बुराइयों को छोड़ेंगे तो और सम्मान बढेगा। जगदीश आदिवासी ने कहा कि हम संगठित रहेंगे और शराब छोड़ेंगे तो ही हमारी सब इज्जत बढ़ेगी मोहन आदिवासी ने कहा कि जब से थोड़ी सी जागृति आई है हमारी इज्जत बढ़ी है लेकिन उसे आगे बढ़ना है । सभी महिला पुरुषों ने कहा कि हम हर माह बैठक करेंगे और अलग-अलग मुद्दों पर विषयों पर चर्चा करेंगे इस बैठक में पप्पू बद्री पप्पू आदिवासी मोहन सिंह कौशल्या मोहन सहित अनेक 20 महिला 20 पुरुषों ने भाग लिया।

# ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बड़ौदा थाना क्षेत्र में बीती रात ट्रैक्टर पलट जाने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गइ। जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रूंडी निवासी धीरज केवट 18 वर्ष पुत्र जगदीश केवट, जोधराम केवट तथा लोकेश केवट निवासी रूंडी सोमवार की रात को ट्रैक्टर में सवार होकर बडौदा से वापस अपने गांव रूंडी जा रहे थे। तभी बासोंद गांव के नजदीक स्थित रायतड हनुमान मंदिर के पास ट्रैक्टर तेज रफ्तार होने की वजह से असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के दौरान धीरज केवट की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जोधराम और लोकेश घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए बडौदा अस्पताल लाया गया,जहां लोकेश के मामूली चोट आई, लेकिन जोधराम को प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया गया है। बडौदा टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि पीएम के बाद शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एसपी ने किया विशेष टीम का गठन, एसडीओपी श्योपुर करेंगे टीम का नेतृत्व

# 14 सदस्यीय स्पेशल टीम लगाएगी चोरों का पता, करेगी चोरी की वारदातों को ट्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पुलिस लाइन और जवासा समेत जिलेभर में ताबडतोड तरीके से हुई चोरी की वारदातों से जहां एक तरफ जिले के लोग हतप्रद बने हुए है। वहीं जिले की पुलिस भी सन्न बनी हुई है। इतना ही नहीं, चोरियों को लेकर फिलहाल पुलिस को कोई सफलता भी नहीं मिली है। ऐसे में पुलिस की नाकामी उजागर हो रही है। वहीं चोर उच्चको के हौसले बुलंद हो रहे है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा चोरी की वारदातो को ट्रेस करने के लिए एक स्पेशल पुलिस टीम का गठन किया गया है। विशेष टीम में जिले के तीन टीआई और दो उप निरीक्षको समेत 14 एक्सपर्ट पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता इस पुलिस टीम का नेतृत्व करेंगे। इस पुलिस टीम के गठन से पुलिस अधिकारियों को उम्मीद लग रही है कि चोरी की वारदातो को अंजाम देकर भागे चोरों को जल्द ही पता लगाकर उन्हें दबोच लिया जाएगा।

यहां बता दें कि इन दिनों जिले में चोर बैखोफ होकर चोरी की वारदातो को अंजाम दे रहे है। कोतवाली थाना क्षेत्र सहित मानपुर और बडौदा थाना क्षेत्र में चोरी की बडी वारदातों को अंजाम देने के बाद चोरो ने पुलिस का घर समझी जाने वाली पुलिस लाइन में स्थित टीआई, दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों के घरों के ताले चटकाकर पूरे जिले में सनसनी फैला दी। वहीं इसके बाद गसवानी थाना क्षेत्र में महिला के साथ घटित हुई लूट की वारदात ने भी क्षेत्र में दहशत बढाने का काम किया है। ताबडतोड हो रही चोरी की वारदातो से न सिर्फ पुलिसिंग पर सवाल खडे हो रहे है,बल्कि जिले के लोग भी चिंतित हो गए है कि जब पुलिस वालों के घर ही सुरक्षित नहीं है तो फिर आम आदमी के घर कैसे सुरक्षित रह पाएंगे।




#### एसडीओपी करेगे नेतृत्व, एएसपी करेगे सुपरविजन

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने चोरियो का शीघ्र खुलासा करने के लिए 14 सदस्यीय जो पुलिस टीम गठित की गई है,उसका नेतृत्व करने की जिम्मेदारी एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता को सौंपी गई है। वहीं सुपरविजन की जिम्मेदारी एएसपी प्रवीण भूरिया को दी गई है। एसपी ने पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है कि टीम प्रतिदिन जो कार्रवाई करेगी,उसकी प्रगति से एएसपी को भी अवगत कराएगी।

#### इन्हें शामिल किया टीम में

श्योपुर कोतवाली समेत मानपुर और बडौदा थाना क्षेत्र में घटित हुई चोरी की घटनाओं को खुलासा करने के लिए एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा जो स्पेशल पुलिस टीम गठित की गई है,उसमें बडौदा टीआई सतीश सिंह चौहान, मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे, सायबर सेल टीआई सुधीर हिन्नारिया, उप निरीक्षक कमलेन्द्र सिंह, सामरसा चौकी प्रभारी रवि सिंह कुशवाह,एएसआई संजय यादव, पांडोला चौकी प्रभारी श्यामवीर यादव, प्रधान आरक्षक सुनील भार्गव, अखिलेन्द्र सिंह, विजेन्द्र सिंह तोमर, आरक्षक बृजमोहन यादव, मनोज शर्मा, विनोद रावत, राज बल्लभ यादव शामिल है।

#### इन चोरियों का नहीं हुआ खुलासा

- -30 दिसंबर की रात्रि के दौरान उतनवाड निवासी नरेन्द्र सिंह गुर्जर के घर से 50 हजार नकदी और जेवर हो गए चोरी
- -जनवरी के प्रथम सप्ताह में क्रेशर कॉलोनी स्थित यातायात थाने के दीवान के घर में चोरी
- -15-16 जनवरी की दरमियानी रात को मानपुर थाना क्षेत्र के जवासा गांव के तीन घरो में चोरी
- -24-25 जनवरी की दरमियानी रात को बडौदा थाना क्षेत्र के पांडोला गांव में बलराम माली के घर से दीवार फोडकर डेढ लाख नकदी समेत सोने चांदी के जेवर चोरी
- -28-29 जनवरी की रात को पुलिस लाइन में चार पुलिसकर्मियों के घरों के ताले चटके।

#### इनका कहना...

चोरियों का खुलासा करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। एसपी साहब द्वारा एक पुलिस टीम भी चोरी कर भागे चोरों का पता लगाने के लिए गठित की गई है। चोरियों को लेकर कुछ सुराग भी मिले है। जिसके चलते उम्मीद बंध गई है कि चोरियों का खुलासा जल्द ही कर लिया जाएगा।

**प्रवीण भूरिया**
**एएसपी,श्योपुर**

# कलेक्टर ने बैंक मैनेजर को जनसुनवाई में किया तलब, खुलवाया बैंक में खाता




**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए जहां निराश्रित बच्चों के मामले में गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश दिये गये, वही स्पॉन्सरशिप योजना का खाता नही खोलने की शिकायत पर बैंक मैनेजर को जनसुनवाई में तलब कर तत्काल खाता खोलने की कार्यवाही कराई गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 150 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा भीकापुर निवासी निराश्रित दो बच्चों के मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग को गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश दिये गये। स्पॉन्सरशिप योजना के लाभार्थी बच्चें अपनी दादी के साथ जनसुनवाई में पहुंचे थे। उन्होने बताया कि योजना में राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन गार्जियन नियुक्त नही होने से लाभ नही मिल पा रहा है। इस मामले में महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत प्रावधान के तहत गार्जियन नियुक्त कराने के निर्देश दिये गये। पिता स्व. ईश्वर आदिवासी एवं मॉ स्व. हसीना आदिवासी दोनो की मृत्यु के उपरांत बच्चे वर्तमान में दादी के पास रहते है। वार्ड क्रमांक 15 रेगर मोहल्ला श्योपुर निवासी द्वारिका बाई को उनके आवेदन परीक्षण उपरांत कलेक्टर ने अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत पति की सामान्य मृत्यु पर दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान यूको बैंक शाखा श्योपुर के मैनेजर को मौके पर बुलाकर निर्देश दिये कि स्पॉन्सरशिप योजना के लाभार्थी बच्चों के संयुक्त बैंक खाते तत्काल खोले जायें। इस मामले में ग्राम भसुंदर निवासी महिला कैलाशी बाई ने आवेदन प्रस्तुत किया था कि स्पॉन्सरशिप योजना में प्रकरण स्वीकृत होने के बाद भी बैंक में खाता नही खुलने से लाभ नही मिल पा रहा है। इस पर तत्काल खाता खुलवाने की कार्यवाही की गई।




# श्योपुर पहुंचे किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री ने ली बैठक

**श्योपुर।** भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री भारत पटेल मंगलवार को श्योपुर पहुंचे। उन्होने यहां बस स्टैंड स्थित योग शाला में किसान संघ की श्योपुर तहसील के कार्यकर्ताओ की एक बैठक ली। बैठक के दौरान 4 मार्च को स्थापना दिवस भव्यता के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया,वहीं संगठनात्मक रूप से कार्य को मजबूत करने सहित अन्य कई विषयों को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव दिए इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष अशोक मीणा, मंत्री होतम जाट, युवाप्रमुख जितेंद्र मीणा, बालाराम गुर्जर, रमेश प्रजापति, अजय भारद्वाज, गोविंद जाट, अजय शर्मा, भीमसिंह जाट, महावीर मीणा, लखपत मीणा, रामरतन शिवहरे,गिर्राज जाट, नरेंद्र सिंह चौधरी, गिर्राज जाट, अर्जुन प्रजापति आदि उपस्थित थे

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने की जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम बिजौरी की अनुसूचित वस्ती में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए पंचम सिंह यादव, देशराज अहिरवार, हरिओम श्रीवास्तव, रामकुमार राय, अभि अहिरवार, गोलू अहिरवार, अजय यादव, दीपक शर्मा, गणेश राम प्रजापति को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 6900 रुपए जब्त किए हैं।

### फसलों की रक्षा हेतु सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

**अशोकनगर।** जिले में बे मौसम बारिश की कुदरत की अनिष्ट शांति हेतु सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया कि बे मौसम बारिस से फसलों के बचाव की प्रार्थना की जाएगी। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर से जो मांगलिक कार्यक्रम बंद थे जो की 13 दिसंबर को शुक्रास्त हुए थे और 14 दिसंबर को धन के सूर्य आने से यह कार्यक्रम बंद थे वही गुरु एवं शुक्र देव दिनांक 2 फरवरी 2026 में पश्चिम में शाम को 9:15 पर उदित हो रहे हैं जिसके कारण दिनांक 3 फरवरी 2026 से ही मांगलिक कार्यक्रमों का उदय हो जाएगा। इसी शुभ अवसर पर गृह प्रवेश गृहारंभ जला खनन विवाह आदि शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। मकर के और कुंभ के सूर्य में यह शुभ कार्य चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी तिथि यानी की 14 मार्च 2026 तक चलेंगे। इसके बाद एक महीना के लिए फिर विराम लग जाएगा। मांगलिक कार्यक्रम में मीन के सूर्य आ जाने से हिंदू धर्म मानता अनुसार शुक्र गुरु के अस्त में एवं धनु राशि के और मीन राशि के सूर्य में मांगलिक कार्यक्रम बंद रहते हैं।

45 करोड़ से बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, तुलसी सरोवर व थीम रोड के लिए 40 करोड़ स्वीकृत

# 'दिशा' की बैठक में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने विकास के लिए कई बड़े निर्णय लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को अशोकनगर कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने अशोकनगर के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। केन्द्रीय मंत्री ने अशोकनगर के लिए रोजगार, सिंचाई और इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित कई क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं की जानकारी दी। इस बैठक में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 'दिशा' बैठक में तय हुई अशोकनगर के विकास कार्यों की स्पष्ट समय-सीमा

अशोकनगर की गहन दिशा बैठक के दौरान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिले के समग्र विकास, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जनसेवा की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, पेयजल, अधोसंरचना, रोजगार, उद्योग और नगरीय विकास से जुड़ी योजनाओं की वस्तुस्थिति पर चर्चा हुई तथा विभिन्न विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। केन्द्रीय मंत्री ने निम्नलिखित परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### जिला अस्पताल में 40 पद भरे गए

100 बिस्तर वाले अस्पताल में रिक्त पदों में से 40 पद (पीडिया ट्रिशियन, मेडिकल



ऑफिसर, नर्सिंग स्टाफ) भर दिए गए हैं। साथ ही, 300 बिस्तर वाले नए अस्पताल को मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसके लिए अग्रिम स्टाफ स्वीकृति के निर्देश दिए गए हैं।

### योजना पूरे होने पर अशोकनगर और गुना के 812 ग्रामों को मिलेगा लाभ

550 करोड़ की 'चंदेरी माइक्रो इरिगेशन परियोजना' को जून 2026 तक पूर्ण करने की समय-सीमा तय की गई है। वहीं, 1,572 करोड़ की 'राजघाट वाटर सप्लाई स्कीम', जिससे 812 गाँवों को लाभ मिलेगा, को दिसंबर 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए गएं।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और सौंदर्यीकरण पर दिया गया खास ध्यान

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि भाजपा सरकार अशोकनगर के सौंदर्यीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास ध्यान दे रही है। इस बैठक में इन मुद्दों पर बड़े निर्णय लिए गए हैं। सिंधिया ने बताया कि शहर में 45 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। साथ ही तुलसी सरोवर एवं थीम रोड सहित शहर सौंदर्यीकरण के लिए 40 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शाडोरा से करीला माता मार्ग (55 किमी) को दिसंबर 2026 तक पूर्ण किया जाएगा, जबकि कुरवाई मुंगावली चंदेरी मार्ग (81 किमी) को जून 2026 तक जनता को समर्पित किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से जिले के सर्वांगीण और समावेशी विकास को गति दी जा रही है। जिला मुख्यालय स्थित विधि महाविद्यालय में संचालित कॉल सेंटर में स्थानीय 505 नौजवानों को रोजगार मुहैया कराया गया है। कॉल सेंटर बच्चों के भविष्य का सहारा बन रहा है। यह बात केन्द्रीय संचार एवं पूर्वत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कॉल सेंटर के भ्रमण के दौरान कही।

उन्होंने कॉल सेंटर में नौजवानों से संवाद करते हुए कॉल सेंटर संचालन की गतिविधियो के बारे में विस्तार से जानकारी ली। नौजवानों ने बताया कि कॉल सेंटर में रोजगार पाकर हम सभी धन्य है। यहां पर धैर्य, अनुभव एवं बात करने का तरीका सीखने को मिला है।

पद एवं गोपनीयता की ली शपथ

## अशोकनगर का गौरव सीमा अग्रवाल बनी प्रांतीय अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऑल इंडिया लीनेश क्लब जिला आरएम-1 स्वयं सिद्धा वर्ष 2026 की प्रथम कैबिनेट मीटिंग शपथ ग्रहण समारोह के साथ रविवार को स्थानीय मंगल गार्डन में भव्य रूप से आयोजित की गई। अग्रवाल परिवार की ओर से सीमा गिरीश अग्रवाल ने प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवगठित कैबिनेट ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

प्रांतीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर, जयपुर से मल्टीपल अध्यक्ष अंजना सिंघल मुख्य अतिथि, जिला सीईओ अंजना जैन शपथ विधि अधिकारी, स्वग्रही निवर्तमान अध्यक्ष, मल्टीपल सचिव पूजा जैन, प्रांतीय मेंटोर डॉ कल्पना भार्गव, डॉ रजनी शुक्ला प्रांतीय प्रशासनिक सचिव, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, मीरा जैन और होस्ट क्लब अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने मंच सुशोभित किया। मां सरस्वती की वंदना अपने मीठे स्वरों से मंत्र मुक्त किया प्रीति बंसल ने एवं ध्वज वंदना के साथ राष्ट्रीय गान प्रियंका अग्रवाल, भगवान राधाकृष्ण की मनोहर छवि को लेकर रंगारंग कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में सीमा अग्रवाल की स्वागत क्लब के सदस्य द्वारा और अतिथियों का स्वागत क्लब के बैंड द्वारा क्लब के सदस्यों ने किया। उनके परिवार साथ सुंदर मनमोहन एंट्री हुई जिसे सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। इसी खुशी में क्लब के सदस्यों पर देश प्रेम और राष्ट्रभक्त से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया क्लब सदस्यों द्वारा पत्रकारिता जगत से आए हुए सभी पत्रकारो का सम्मान प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल द्वारा किया गया। डायरेक्टरी विमोचन चीफ एडिटर संगीता अग्रवाल रश्मि अग्रवाल पिन का विमोचन गतिविधि सचिव प्रिया खुराना, सहगतिविधि सचिव रश्मि जैन द्वारा करवाया गया सह प्रशासनिक सचिव लवली रघुवंशी उपस्थित रही। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी गंगा रघुवंशी संगीता अग्रवाल द्वारा मंच संचालन किया गया।

## सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यागों को केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कृत्रिम उपकरण बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नवरत्न दिव्यांगजनों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करना एक मात्र उद्देश्य है। इस आशय के विचार केन्द्रीय संचार एवं पूर्वत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को शासकीय विधि महाविद्यालय ग्राउंड ग्राम मारूप अशोकनगर में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि आज का यह शिविर ऐतिहासिक है हमारे क्षेत्र के नवरत्नों से मिलने का मौका मिला है। दिव्यांगजन का कैम्प सेवा का एक संगम है। साथ ही संवेदना का सम्मान करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सिंधिया परिवार की पृष्ठभूमि भारत माता की सेवा, जनता की सुरक्षा,जनजन के विकास में योगदान देने की परम्परा रही है। हमारा दायित्व है कि अपने क्षेत्र के एक एक नागारिक का ध्यान रखकर कर विकास और प्रगति की राह पर आगे ले जाएं। उन्होंने कहा कि एलम्कों पूरे देश में दिव्यांगों की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के 8240 नवरत्न दिव्यांगों के लिए कृत्रिम उपकरणों का वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने दिव्यांगों को हर क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया।

### 01 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि के 5172 जीवन सहायक उपकरणों का वितरण



भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविरों में जिले के कुल 1456 चिन्हाकिंत दिव्यांग एवं वृद्धजनों को 01 करोड़ 61 लाख रूपये की राशि के 5172 जीवन सहायक उपकरणों का वितरण केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया किया गया। इस दौरान दिव्यांग एवं वृद्धजनों को मोट्रेट ट्रायसाईकिल, ट्रायसाईकिल, व्हीलचेयर,श्रवण यंत्र, बैसाखी तथा अन्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह,कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बडी संख्या में दिव्यांगजन एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।



## शहर में सुबह वर्षा, दिन में मौसम खुला, शाम को फिर बादल छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में इन दिनों तीन तरह का मौसम चल रहा है जिसमें ठण्ड, वर्षा और गर्मी भी एक साथ चल रही है। मौसम की बदली हुई बयार बसंत का संदेश भी दे रही है। सोमवार को सुबह की भोर में रिमझिम वर्षा हुई, दोपहर में मौसम खुला रहा, और शाम को फिर आकाश पर बादलों का डेरा देखा गया।

जिले में कब मौसम करबट बदल ले इसका कोई भरोसा नहीं है, लोग समझ रहे थे कि ठण्ड की विदाई हो गई है और ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो गया है लेकिन ऐसा नहीं है। मौसम हर रोज बदल रहा है पिछले 10 दिनों से शहर के लोग मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन बार बार मौसम का मिजाज सिस्टम बदलने से बदल रहा है। सोमवार की सुबह अशोकनगर शहर में वर्षा का मौसम देखा गया। इस दौरान रिमझिम वर्षा हुई, वर्षा फिर थमी फिर से शुरू हो गई लेकिन दोपहर पूरी तरह मौसम खुला रहा, खूब धूप निकली, लेकिन शाम होते ही फिर आकाश में बादल छा गए। बदलते और बिगड़ते मौसम के कारण किसान भी चिंतित हैं क्योंकि इस समय किसानों की फसलें खेतों में खड़ी हैं। बीच में मावटे की वर्षा भी हो चुकी है और जिले के कईं ग्रामों में ओला वृष्टि भी हुई थी लेकिन बादल अभी छटे नहीं है। अधिक कपड़े पहनने के कारण दोपहर में धूप में बैठते ही गर्मी का एहसास होने लगता है। बदले हुए इस मौसम के कारण शहर के लोग सर्दी,जुखाम, बुखार जैसी बीमारियों से गुजर रहे हैं।

कर्जा व ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद के बाद किसान ने दी थी जान

## किसान की मौत के बाद अमला ने गांव में पहुंचकर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कर्जा एवं ओलावृष्टि से फसले बर्बाद किसान ने खेत पर ही दे दी जान को लेकर प्रशासन का अमला गांव में पहुंचा। प्रशासन ने यहां पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया और किसान की मौत के मामले में जानकारी ली।

जिसमें ग्राम पटवारी एवं सहायक कृषि विस्तार अधिकारी से ओलावृष्टि से फसल नुकसानी का संयुक्त जॉच प्रतिवेदन लिया गया। प्रतिवेदन अनुसार ग्राम महोली स्थित भूमि सर्वे कमांक 29/1/3 रकवा 1.416 हे0 जसवन्त सिहं पुत्र शिवराजसिह जाति दांगी सर्वे नम्वर 29/2 रकवा 2.700 हे0 में शिवराज पुत्र लक्ष्मणसिहं जाति दांगी हिस्सा रकवा 0.610 हे० तथा सर्वे क्रमांक 137/3 रकवा 0.102 हे0 रामबाबू पुत्र शिवराजसिह दांगी हिस्सा रकवा 2.090 हे० निवासी ग्राम भूमिस्वामी तथा सर्वे कमांक 115/3/2 रकवा 1.254 हे0 राजेश पुत्र शिवराजसिह जाति दांगी निवासी ग्राम भूमि स्वामी वर्तमान कम्पयूटर अभिलेख वर्ष 2025-26 में दर्ज है। उक्त समस्त कृषि भूमि यूको बैंक मल्हारगढ मे बंधक है। संयुक्त दल ग्राम पटवारी तथा कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा मौके पर ग्राम पंचो के समक्ष खेत पर निरीक्षण किया गया।

उक्त सर्वे क्रमांक 29/1/3 में रकवा 0.627 हे0 में चना 0.789 हे0 में मसूर, सर्वे नम्बर 29/2 में रकवा 2.700 हे0 में गेहू सर्वे क्रमांक 115/3/2 रकवा 1.254 हे0 में गेहू की फसल एवं सर्वे कमांक 137/3 रकवा 0.102 हे0 में मकान एवं जोकरा की फसल बोई गई है। उक्त सभी फसलो में वर्तमान मे किसी प्राकर की कोई क्षति नही है। सभी फसले स्वस्थ है। किसान के स्वयं के नाम 0.712 हे0 कृषि भूमि दर्ज है और संयुक्त परिवार की कुल भूमि 5.472 हे0 तथा परिवार मे तीन पुत्र एक विवाहित, दो आविवाहित पुत्र एक पुत्री विवाहित तथा पत्नि है। स्वयं की भूमि पर 6060 का पक्का मकान बना है मृतक की मृत्यु पश्चात संयुक्त परिवार में एक विवाहित पुत्र सहित अब कुल 05 सदस्य है। परिवार में मृतक एवं उसके पुत्र रामबाबू दोनो को पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त है। किसान क्रेडिट कार्ड का भी लाभ प्राप्त हो रहा है।

तहसील बहादुरपुर के ग्राम महोली निवासी किसान शिवराज सिह पुत्र लक्ष्मणसिह जाति दांगी की मृत्यु होने पर मृतक की पत्नी मुन्नीबाई को प्रशासन द्वारा 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह राशि तहसीलदार बहादुरपुर श्री कैलाश चन्द्र मालवीय द्वारा सोमवार को मृतक के निवास पर पहुंचकर प्रदान की गई।

### गणतंत्र दिवस पर यूनियन बैंक शाखा में ध्वजारोहण नहीं हुआ

**पिपरई।** 26 जनवरी को पूरे देश में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, वहीं पिपरई नगर स्थित यूनियन बैंक शाखा में इस अवसर पर ध्वजारोहण नहीं किया गया, जिससे लोगों में चर्चा का विषय बना है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाना परंपरा और नियमों के अंतर्गत आता है, लेकिन यूनियन बैंक शाखा में इस दिशा में कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। इस संबंध में बैंक प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस विषय में जब शाखा प्रबंधक से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, नागरिकों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि भविष्य में राष्ट्रीय पर्वों पर सभी संस्थानों में नियमों का पालन सुनिश्चित किया।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केन्द्रीय बजट को बताया 'विकसित भारत' का रोडमैप

# ऑरेंज ईकॉनोमी पर विशेष ध्यान करेगा भविष्य की जरूरतों को पूरा: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज अशोकनगर कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केन्द्रीय बजट 2026-27 को 'विकसित भारत' का स्पष्ट रोडमैप बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है जिसमें विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप देश की आर्थिक मजबूती, अधोसंरचना विस्तार और भविष्य की तकनीकों का रोडमैप प्रस्तुत करता है।

### समृद्ध भारत का रोडमैप है बजट

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 तक तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था और बजट की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि भारत की




जीडीपी पिछले दस वर्षों में 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है। अप्रैल से दिसंबर के बीच महंगाई दर घटकर मात्र 1.7 प्रतिशत रही है, जो विश्व में सबसे कम है। राजकोषीय घाटे को 4.4 प्रतिशत तक सीमित रखा गया है और अगले वर्ष इसे 4.3 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश को 2014 के 2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचाया गया है। बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर (10 नए फैब्स) और 'ऑरेंज इकोनॉमी' (ऑडियो- विजुअल एवं गेमिंग) पर विशेष ध्यान दिया गया है। उत्तर-पूर्वी राज्यों के बजट में 50: की वृद्धि करते हुए 6,800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है तथा टेलीकॉम क्षेत्र के लिए 72,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

### सिंधिया ने जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों की ली बैठक

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को भाजपा कार्यालय पर नवीन जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक ली। इस दौरान विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाले विभिन्न विषयों एवं संगठनात्मक ढांचा को सुदृढ़ करने के लिए सार्थक संवाद हुआ। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी विधायक बृजेंद्र सिंह यादव सहित अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### भविष्य की जरूरतों को रखा गया है ध्यान

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को धरातल पर उतारने वाले बजट है जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने हर परिवार, हर समाज और हर वर्ग के लिए संसाधनों और अवसरों की बात की है। मोदी सरकार ने बजट में टैक्सटाइल से लेकर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों के लिए तो बड़ी घोषणाएं की है लेकिन साथ में उन्होंने आगामी भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कंटेंट क्रिएटर्स, पर्यटन और एआई के लिए सौगातों की बौछार कर दी है। यह सभी घोषणाएं दर्शाती हैं कि यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित और स्वावलंबी भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के कर्तव्य को पूरा करने वाला बजट है।